# मझगवां पीडब्ल्यूडी के बुरे हाल: नरक बना बस स्टैंड, नए एसडीओ नदारद और 'कृष्णा इंफ्रास्ट्रक्चर' ने जनता को मझधार में छोड़ा!

## अधिकारियों की अनदेखी और ठेकेदार की लापरवाही से पूरा चित्रकूट क्षेत्र दलदल में तब्दील; स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश,सड़क पर उतरने की दी चेतावनी

**सतना।** मझगवां विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच मझगवां लोक निर्माण विभाग की पोल पूरी तरह से खुल चुकी है। विभाग की घोर लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के कारण आज पूरा मझगवां क्षेत्र और यहाँ का मुख्य बस स्टैंड नरक के समान तब्दील हो चुका है। आलम यह है कि पहली बारिश ने ही पीडब्ल्यूडी कार्यालय और बस स्टैंड की सूरत बिगाड़ कर रख दी है, जिससे आम जनता का जीना दूभर हो गया है।

### नवागत एसडीओ लापता लेबर कर रहा आराम

मझगवां पीडब्ल्यूडी विभाग में हाल ही में पदस्थ हुए नवागत एसडीओ अभिषेक अहिरवार जॉइन करने के बाद से ही,पिछले 15 दिनों से कार्यालय से नदारद (लापता) हैं। जब जिम्मेदार अधिकारी ही मैदान से गायब हों,तो मातहतों का बेलगाम होना लाजिमी है। विभाग का लेबर पूरी तरह से आराम फरमा रहा है,जबकि पूरा चित्रकूट क्षेत्र दलदल की चपेट में आकर तड़प रहा है।



### 'कृष्णा इंफ्रास्ट्रक्चर' की लापरवाही: आधे में छोड़ा काम,बस स्टैंड बना 'झील'

मझगवां बस स्टैंड की बदहाली का मुख्य कारण कृष्णा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का गैर-जिम्मेदाराना रवैया है। ठेकेदार ने सड़क निर्माण का कार्य इस तरह से आधा-अधूरा और बदतर हालत में छोड़ दिया है कि वह अब जनता के लिए जी का जंजाल बन चुका है।

### एक तरफ कंक्रीट,दूसरी तरफ खाई

बस स्टैंड के एक हिस्से पर तो कंक्रीट की सड़क बना दी गई है,लेकिन दूसरी तरफ लगभग एक फीट गहरी अधूरी सड़क को वैसे ही छोड़ दिया गया है। इस गहरी अधूरी सड़क में बारिश का पानी भरकर वह बड़ी झील का रूप ले चुकी है। जल निकासी (ड्रेनेज) की कोई व्यवस्था न होने के कारण नालियां बजबजा रही हैं और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।

### पैदल चलना भी दूभर

इस दलदल और जलभराव के कारण राहगीरों,महिलाओं,बच्चों और बुजुर्गों का पैदल चलना भी पूरी तरह से नामुमकिन हो गया है। आए दिन लोग इस कीचड़ और गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

### जिला कार्यपालन यंत्री से गुहार,वरना उग्र आंदोलन तय!

क्षेत्र की आक्रोशित जनता ने अब प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि पीडब्ल्यूडी के जिला कार्यपालन यंत्री तत्काल मझगवां का दौरा करें और जमीनी हालातों का खुद अवलोकन करें। यदि विभाग ने जल्द ही इस नरकीय स्थिति को नहीं सुधारा और समस्याओं का समाधान नहीं किया,तो त्रस्त और आक्रोशित जनता उग्र आंदोलन के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग और प्रशासन की होगी।

---

## खबर संक्षेप

### नवीन कार्यालय का फीता काटकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने किया उद्घाटन

**मैहर।** जिला कांग्रेस कमेटी मैहर के उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र सिंह उर्फ बबलू भैया के अवतरण दिवस (जन्मदिन) के अवसर पर उनके नवीन कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेश घई ने फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया तथा बबलू भैया को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मैहर विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मनीष पटेल,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश प्रजापति, प्रवक्ता देवेंद्र अग्रवाल,विपिन बघेल, अक्षत दहिया, नितिन सराफ, जितेंद्र कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, अमृतलाल पटेल, सोमनाथ, साकेत, मुकेश पटेल,राम सजीवन पटेल सहित भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

**सतना।** पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार,रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के एक परिवार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग बेटी दोपहर से अचानक लापता है। पुलिस ने तत्काल मुस्तैदी दिखाते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस टीम ने 15 जुलाई को लापता किशोरी को बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बताया कि चकदही निवासी मुकेश कुमार यादव (26 वर्ष) उसे बहला-फुसलाकर ले गया था और उसके साथ गलत काम (दुष्कर्म) किया। पीड़िता के बयानों के आधार पर पुलिस ने मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट जैसी सुसंगत धाराएं बढ़ाईं। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन और थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 जुलाई को आरोपी मुकेश कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत (जेल) भेज दिया गया है। इस त्वरित कार्रवाई में उप निरीक्षक प्रीती कुशवाहा,प्रधान आरक्षक संजीव चौधरी,दिलीप सिंह,सीताशरण द्विवेदी,आरक्षक अंजन सिंह और रजनीश सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना विवाद सुलझाने गांव पहुंचे सांसद

**मैहर।** मैहर जिले के ग्राम बहिली (पंचायत सारंग) में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना को लेकर चल रहे विवाद के बीच सतना सांसद गणेश सिंह खुद गांव पहुंचे। उन्होंने मौके पर उपस्थित आदिवासी समाज के लोगों से विस्तार से चर्चा की और उनकी मांगों व समस्याओं को सुना। सांसद गणेश सिंह ने मामले का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए वन विभाग और राजस्व विभाग की एक संयुक्त टीम गठित करने की बात कही। यह टीम विवादित भूमि का तकनीकी व प्रशासनिक परीक्षण कर उचित प्रतिवेदन सौंपेगी।इसके बाद प्रशासन की ओर से प्रतिमा स्थापना के लिए उपयुक्त शासकीय भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। सांसद ने आदिवासी समाज को आश्वस्त किया कि भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना और भवन निर्माण के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

---

## वन भूमि पर बसे आदिवासी गंदा पानी पीने को मजबूर प्रशासन पर अनदेखी का आरोप, बरसात के मौसम में भी पेयजल के लिए भटक रहे कुडवा के आदिवासी परिवार



**मैहर।** मैहर और कटनी जिले के सीमावर्ती वन क्षेत्रों में लंबे समय से अस्थायी डेरा डालकर जीवनयापन कर रहे हजारों आदिवासी परिवार आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।मैहर तहसील के ग्राम कुडवा से महज 4-5 किलोमीटर दूर बसे ये आदिवासी परिवार इस भारी बरसात में भी स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं और गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। स्थानीय आदिवासियों का आरोप है कि दोनों जिलों के प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को दर्जनों बार आवेदन व ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर आज तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। अधिकारियों से कई बार गुहार लगाने के बावजूद उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र पेयजल व्यवस्था कराने और क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थायी समाधान करने की मांग की है।

---

## बेखौफ लुटेरे: भोर होते ही दो अखबार वितरकों से लूट, पुलिस टालती रही सीमा विवाद

**सतना।** स्मार्ट सिटी सतना में कानून-व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। शहर में पुलिस चैन की नींद सो रही है और बेखौफ चोर-उच्चक्के तांडव मचा रहे हैं। अब इन अपराधियों के निशाने पर समाज का वह मेहनतकश वर्ग आ गया है जो भोर की पहली किरण के साथ लोगों के घरों तक खबरें पहुंचाता है। गुरुवार तड़के महज 15 मिनट के भीतर एक ही बाइक पर सवार तीन नकाबपोश लुटेरों ने दो अखबार वितरकों (हॉकर्स) को निशाना बनाते हुए हजारों की लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद पुलिस का संवेदनहीन और टालमटोल रवैया भी खुलकर सामने आ गया है।

### वारदात दर वारदात: 15 मिनट में दो सरेराह लूट

पहली वारदात (सुबह 4:15 बजे): घूरडांग निवासी अखबार वितरक नीरज गुप्ता पिता रामभान रोज की तरह अपनी दिनचर्या के लिए निकले थे। वे कृष्ण नगर रोड स्थित अभय बुक डिपो के पास पहुंचे ही थे कि एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने नीरज से डरा-धमकाकर 5,000 की नगदी लूट ली और रफूचक्कर हो गए।

दूसरी वारदात (सुबह 4:30 बजे): पहली घटना को अंजाम देने के ठीक 15 मिनट बाद बदमाशों ने सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंधेरी पुलिया के पास दूसरी वारदात की। यहां धवारी मल्लाहन टोला निवासी वितरक राजेश साहू को रोककर बदमाशों ने 2,000 लूट लिए।

पीड़ितों ने बताया कि लूटी गई रकम उनकी मेहनत की कमाई थी, जिसे वे अखबार के मुख्य एजेंट को पेपर का पेमेंट (भुगतान) करने के लिए अपनी जेब में रखकर घर से निकले थे। वारदात के बाद जब पीड़ित न्याय की गुहार लगाने थानों में पहुंचे,तो उन्हें भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। पहली वारदात के बाद कोलगवां थाना पहुंची पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेने के बजाय महज एक शिकायती आवेदन पत्र लेकर 'खानापूर्ति' कर दी। हद तो तब हो गई जब दूसरी वारदात के शिकार राजेश साहू सिटी कोतवाली थाना पहुंचे। वहां मुस्तैद पुलिसकर्मियों ने संवेदनशीलता दिखाने के बजाय मामला 'रेलवे पुलिस' का बताकर पीड़ित को थाने से खदेड़ दिया।

### CCTV फुटेज से मिल सकते हैं सुराग,पर पुलिस के पास 'वक्त' कहां?

घटनास्थल के आसपास कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं,जहां तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। यदि पुलिस तत्काल सक्रिय होकर सीसीटीवी फुटेज खंगालती,तो लुटेरों का सुराग आसानी से लग सकता था। लेकिन सोती हुई पुलिस के पास जनता की सुरक्षा और तफ्तीश के लिए शायद वक्त ही नहीं है।

### आंदोलन की राह पर अखबार वितरक,भड़का आक्रोश

शासकीय सेवकों (पुलिस) द्वारा पीड़ितों और मीडिया प्रतिनिधियों (अखबार वितरकों) के साथ किए गए इस शर्मनाक व्यवहार से



शहर के सभी समाचार पत्र वितरकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वितरक संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई और लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं की गई,तो वे उग्र आंदोलन को विवश होंगे,जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

---

## जिला अस्पताल में पार्किंग ठेकेदार की गुंडागर्दी: घंटों फंसी रहीं एंबुलेंस, गंभीर मरीजों और प्रसूताओं की अटकी सांसें







**सतना।**

सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल परिसर इन दिनों अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। अस्पताल के सुरक्षा और व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले पार्किंग ठेकेदार की मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि शुक्रवार को परिसर में 5 से अधिक एंबुलेंस घंटों फंसी रहीं। इस जाम के कारण रेफर होकर आईं प्रसूताओं और गंभीर रूप से बीमार मरीजों की सांसें अटक गईं। अस्पताल परिसर में मचे इस हाहाकार ने प्रबंधन की लचर व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।

### चैन बांधकर अवैध वसूली, ग्रामीणों को बनाया जा रहा निशाना

स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,पार्किंग ठेकेदार अपने गुर्गों के दम पर अस्पताल में सरेआम अवैध वसूली का खेल चला रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले गरीब और लाचार मरीजों के परिजनों को निशाना बनाया जा रहा है। ठेकेदार के कारिंदे परिसर में खड़े वाहनों में जबरन चैन (लॉक) लगा देते हैं और उन्हें छोड़ने के बदले 300 से 500 तक की मोटी रकम वसूल रहे हैं। मना करने पर तीमारदारों के साथ गाली-गलौज और अभद्रता की जाती है।

### प्रबंधन की चुप्पी पर उठे गंभीर सवाल

इस पूरी घटना के बाद जिला प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन इस पूरे काले खेल से पूरी तरह अनजान है? या फिर सब कुछ जानते हुए भी ठेकेदार को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण दिया जा रहा है।

### मरीजों की मजबूरी बना कमाई का जरिया

अस्पताल में इलाज कराने आने वाले लोग पहले से ही मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान होते हैं। ऐसे में उनकी मजबूरी को कमाई का जरिया बनाना न केवल गैरकानूनी है,बल्कि अमानवीय भी है। अगर समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई,तो किसी दिन एंबुलेंस में फंसे मरीज की जान भी जा सकती है। जनता अब इस मामले में कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग से त्वरित कार्रवाई और ठेके को निरस्त करने की मांग कर रही है।

---



## मिशन 'से नो ड्रग्स': नागौद पुलिस ने स्कूल में छात्रों को सिखाया नशे से दूरी का पाठ

**सतना।** युवाओं को नशे की सामाजिक और शारीरिक बुराइयों से बचाने के लिए मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'मिशन से नो ड्रग्स'अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना के कुशल निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नागौद व थाना प्रभारी नागौद निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में सत्य निकेतन हायर सेकेण्डरी स्कूल,नागौद में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को नशे के जाल में फंसने से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि नशा न केवल कैंसर और मानसिक विकृति जैसी घातक बीमारियों को जन्म देता है,बल्कि इसके कारण सड़क दुर्घटनाएं,आर्थिक तंगी और समाज में अनैतिकता व अपराध तेजी से बढ़ते हैं। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ भी दिलाई।

---

## वार्ड क्रमांक 14 में मजाक बना सड़क निर्माण,बीच राह में खड़ा है बिजली का पोल



**मैहर।** मैहर नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 14 में सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों के बीच तीखे सवाल उठ रहे हैं। यहां नई बनी पक्की सड़क के बीचों-बीच लोहे का एक बिजली का पोल खड़ा है,जो निर्माण कार्य की योजना और विभागों के बीच समन्वय की कमी को साफ उजागर करता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सड़क निर्माण से पहले बिजली विभाग और नगरपालिका के बीच तालमेल होता,तो पोल को पहले ही सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता था। अब सड़क बन जाने के बाद बीच रास्ते में खड़ा यह पोल राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हर वक्त बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। नागरिकों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तत्काल इस समस्या का संज्ञान लेकर पोल को वहां से शिफ्ट कराए।

---

## देश की सबसे लंबी स्लीमनाबाद जल सुरंग का सीएम डॉ.मोहन यादव ने किया निरीक्षण बिना पंप के विंध्य क्षेत्र के खेतों तक पहुंचेगा नर्मदा जल, 2.45 लाख हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

**मैहर।**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कटनी जिले के स्लीमनाबाद क्षेत्र में निर्माणाधीन देश की सबसे लंबी जल सुरंग का निरीक्षण किया। लगभग 12 किलोमीटर लंबी एवं 1600 करोड़ से अधिक की लागत से तैयार की जा रही यह महत्वाकांक्षी परियोजना प्रदेश की सिंचाई व्यवस्था और जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से निर्माण कार्य,गुणवत्ता और समय-सीमा की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रदेश के कृषि विकास,जल संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई



दिशा देने वाली साबित होगी। परियोजना की मुख्य विशेषता इस जल सुरंग की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके माध्यम से मां नर्मदा का जल बिना किसी पंपिंग व्यवस्था के प्राकृतिक ढाल (ग्रेविटी फ्लो) के जरिए सोन बेसिन तक पहुंचाया जाएगा। इससे ऊर्जा की भारी बचत होगी। परियोजना के पूर्ण होने पर सतना,मैहर,कटनी,जबलपुर,पन्ना एवं रीवा जिलों के हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और करीब 2.45 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी।इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा, विधायक संजय पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अमानगंज में चोर बेखौफ, जनता दहशत में! पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

**लगातार चोरियां, खुलासा शून्य; रात की गश्त को लेकर लोगों में भारी नाराजगी**

**अमानगंज।** अमानगंज क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नगर तक चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विगत दिनों अमानगंज नगर में एक ही रात 14 प्रतिष्ठानों के ताले तोड़े गए, लेकिन आज तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हो सका। इसे लेकर क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि अमानगंज पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो चोरी की घटनाएं और बढ़ सकती हैं। नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक पन्ना से मामले में हस्तक्षेप कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रात के समय प्रभावी पुलिस गश्त देखने को नहीं मिलती। उनका कहना है कि रात करीब 11रू30 बजे के बाद पुलिस मुख्य बाजार और बस स्टैंड क्षेत्र में खुले पान के गुमटियों एवं दुकानदारों पर रौब दिखाती है तथा आम नागरिकों से अभद्र भाषा में बात करती है। जबकि लोगों का कहना है कि वास्तविकता यह है कि अधिकांश चोरी की घटनाएं रात 1:00 बजे के बाद सुनसान इलाकों में होती हैं, जहां पुलिस की मौजूदगी नहीं रहती। व्यापारियों का कहना है कि जब तक बाजार खुला रहता है, तब तक चोरी जैसी वारदातें नहीं होतीं। ऐसे में पुलिस को मुख्य बाजार में रौब दिखाने के बजाय उन क्षेत्रों में गश्त बढ़ानी चाहिए, जहां चोरी की घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। लोगों का यह भी कहना है कि अमानगंज थाना एक संवेदनशील थाना है और यहां थाना प्रभारी (टीआई) का पद स्वीकृत है, लेकिन वर्तमान में थाना की कमान सब-इंस्पेक्टर (एसआई) स्तर के अधिकारी के हाथों में होने की चर्चा है। नागरिकों का मानना है कि क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्थायी और प्रभावी नेतृत्व की आवश्यकता है। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से व्यापारी और आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि उनकी शिकायतों पर अपेक्षित सुनवाई नहीं हो रही है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा किया जाए, रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर जनता में सुरक्षा का विश्वास बहाल किया जाए।

### नाबालिग को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**सिलौंडी।** सिलौडी चौकी पुलिस द्वारा नाबालिग गुमशुदा लड़की को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया । पुलिस के अनुसार 11 जुलाई को फरियादिया ने चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख करायी की इसकी लड़की रात्रि 11 बजे करीब से कही चली गई थी। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया था । अपहृता की पता तलाश सूत्रो एवं तकनीकि आधार पर की गई एवं 15 जुलाई को अपहृता की दस्तयाबी बहोरीबंद से की गई और परिजनो के सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी अनिल कुमार पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा आर. धर्मवीर सिंह रामसेवक विश्वकर्मा की भूमिका रही।

### घुमंतू मवेशियों को भेजा गया कांजी हाउस

**कटनी।** नगर में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं घुमंतू मवेशियों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम की हांका टीम द्वारा घुमंतू मवेशियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि बुधवार शाम चलाए गए अभियान के तहत नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पन्ना मोड तिराहा, कुठला स्थित इंडिया होटल के पास, नदी पार स्थित मुक्तिधाम मोड, जगन्नाथ चौक कटनी नदी ब्रिज पर चलाए गए अभियान के दौरान 10 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा गया।

# गौ-माता की रक्षा व सेवा करें एक रोटी गाय के लिए
## रावतपुरा सरकार ने बाईक रैली के माध्यम से दिया संदेश, किया गौ-पूजन

पन्ना से एक बार फिर गौ-माता की रक्षा को लेकर गाय के लिए जो पहली रोटी प्राचीन समय से निकलती थी एक बार फिर जगाया परम पूज्य संत जी रावतपुरा सरकार जी ने वहीं विधायक पन्ना को भी गौ-माता की रक्षा को लेकर चेताया वहीं आम जनता से आग्रह किया की गौ-माता के लिए एक रोटी आवष्य अपने भोजन में से प्रदान करें गाय हमारी माता है यह संस्कृति एक बार फिर समूचे देष के लिए दिषा देने को लेकर अहम








**पन्ना।**

पन्ना में इस समय जहां धर्म की ध्वजा लहरा रही है संतों का समागम भगवान श्री जुगुल किषोर जी की कृपा से देखने को मिल रहा है इसी दौरान भागवत कथा में पधारे परमपूज्य संत रवि शंकर महाराज जी जिन्हें रावतपुरा सरका के नाम से जाना जाता है जिन्होंने आज 17 जुलाई का दिन पन्ना के लिए इतिहासिक बना दिया। क्योंकि गाय हमारी माता है सब जानते है गाय को पहली रोटी हमारी प्राचीन संस्कृति के अनुसार खाना बनते समय निकाली जाती थी जिसे अग्रासन भी कहते है। समय किस तरह से बदल रहा है सड़कों में आवारा गौ-माता के रूप में कहीं भी गौ-माता नजर आती है। जब तक दूध निकलता निकालने के बाद सड़क में आवारा छोड़ दिया जाता है। ठण्ड हो या बरसात खुले आसमान में जीने के लिए मजबूर गौ-माता को लेकर जहां एक बार फिर हमारे परम पूज्य संत रवि शंकर महाराज जी रावतपुरा सरकार ने 17 जुलाई आज के दिन बाईक रैली का नेतृत्व करते हुए पूर्व मंत्री पन्ना विधायक के साथ आम जनता को दिया संदेष गाय को एक रोटी देने के लिए महा अभियान का रूप दिया। जहां गौ-माता के लिए का रोटी भिक्षा के रूप में मांग कर स्वयं भी आगे आये महाराज रावतपुरा सरकार जी वहीं देखना यह है कि अब लोग इस संदेष को लेकर पालन करने के लिए कितने जागरूक होगें। वहीं मध्यप्रदेष की सरकार जो गौ-सदन गौषाला संचालित करवा रही है। जहां सरकार के माध्यम से अनुदान भी दिया जाता है जो लोग गौषाला चला रहे है क्या इनकी परख की जायेगी। हालात क्या है गौसेवा को लेकर वहीं तत्कालीन कलेक्टर सुरेष कुमार ने गायों को सड़को में आवारा न रखा जाये जिसके लिए समूचे जिले के अंदर नगर पालिका व नगर पंचायतों के लिए भी कार्यवाही की दिषा तय की थी। कलेक्टर बदले हालात जस के तस अब खुले आसमान में सड़कों में कहीं भी गायों को देखा जा सकता है। आखिर किसकी गायें कौन करेगा चिन्हित कहां से आवारा हो जाती है गौमाता इतना ही नहीं गौमाता को जंगल में छोड़ देते है। वहीं आये दिन आवारा गौ-माता की सड़क हादसों में मौते होती है। निष्चितौर पर संतों की कृपा जब होती है तो सायद हमें सही राह दिषा के रूप में दिखाने को लेकर माना जाता है। इसी तरह आज का दिन 17 जुलाई सदैव के लिए इतिहास के पन्नों में जाना जायेगा। हमारे परम पूज्य संत जी रावतपुरा सरकार ने जहां एक बार सबको जागरूक किया एक रोटी गाय के लिए महा अभियान का संदेष देकर वहीं पूर्व मंत्री पन्ना विधायक जिन्होंने पन्ना की जनता के लिए संत समागम का यह शुभ अवसर तय किया अब देखना यह है कि अपनी जनता को लेकर कितना कारगर संदेष गौ-रक्षा को लेकर चलाया जायेगा। जहां रावतपुरा सरकार जी ने एक रोटी भिक्षा के रूप में मांग कर गाय का पूजन करके विधिवत आम जनता के लिए संदेष दिया है। वही पन्ना से समूचे प्रदेष व देष के लिए जगाने का काम माना जा रहा है। धन्य है यह धरा जहां से एक बार फिर गौ-रक्षा को लेकर यह महाभियान का हुआ आरंभ शुभारंभ।

## पन्ना बुन्देलखण्ड साक्षात वृंदावन है- भावगत कथा कहते हुए परम श्रृद्धेय संत राजेन्द्रदास जी महाराज



**पन्ना।** इस समय पन्ना में भगवान जुगुल किषोर मंदिर मण्डप में जहां भागवत कथा कहते हुए परम श्रृद्धेय संत जी राजेन्द्रदास महाराज जी ने बताया कि पन्ना साक्षात बुन्देलखण्ड में वृंदावन है। निष्चितौर पर संतों के मुखारबिन्दों से निकली हुई वाणी जो हमें भगवान से मिलाने के लिए दिषा देती है जिस तरह से वृंदावन में भगवान कृष्ण की महिमा प्रख्यात है उसी तरह पन्ना में भगवान जुगुल किषोर के नाम से राधाकृष्ण जी की प्रतिमा जो आपार श्रृद्धा का केन्द्र बना हुआ है।

## सुशील विश्वकर्मा बने अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिला मीडिया प्रभारी



**गुनौर।** अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर कार्यरत संस्था अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने अपनी संगठनात्मक शक्ति का विस्तार करते हुए एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व की अनुशंसा पर सुशील विश्वकर्मा को जिला पन्ना का शजिला मीडिया प्रभारीश नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलते ही क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों, शुभचिंतकों और मित्रों ने उन्हें बधाई दी है।

## पंडित रामदुलारे पाठक को 'भागवत भूषण' की मानद पदवी से किया गया अलंकृत



**पवई।** राजधानी भोपाल में आयोजित दो दिवसीय 'कालीदास राष्ट्रीय महर्षि ज्योतिष विज्ञान सम्मेलन' के दौरान सुप्रसिद्ध विद्वान व्याकरणाचार्य पंडित श्री रामदुलारे पाठक जी को 'भागवत भूषण' की मानद पदवी से सम्मानित किया गया। 11-12 जुलाई 2026 को आयोजित इस भव्य समारोह में देश भर के संत महात्माओं, महामंडलेश्वरों और विद्वानों की गरिमामयी उपस्थिति रही।यह आयोजन ज्योतिष महर्षि पं. अयोध्या प्रसाद गौतम जी एवं पंचांगकार पं. सूर्यकांत चतुर्वेदी जी की पुण्य स्मृति में किया गया था। सम्मेलन के दौरान ज्योतिष और आध्यात्मिक क्षेत्र में पाठक जी के अतुलनीय योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित अलंकरण से नवाजा गया।

### संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन-

रूइस सम्मेलन का सफल आयोजन ज्योतिष मठ संस्थान (भोपाल) और कालिदास संस्कृत अकादमी (उज्जैन) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में महर्षि विश्व शांति आंदोलन-भारत, आधुनिक ज्योतिष कार्यालय जबलपुर और मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद का भी विशेष सहयोग रहा।

### गणमान्य जनों की उपस्थिति-

रूकार्यक्रम के संयोजक पंचांगकार पं. विनोद गौतम ने बताया कि नेहरू नगर स्थित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकॉस्ट) के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ज्योतिष विज्ञान की प्राचीन परंपराओं को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में सहेजना है। आयोजन समिति ने पंडित रामदुलारे पाठक के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किया।

## गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में संदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय गुनौर में भाषण प्रतियोगिता संपन्न, छात्रों ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा

**गुनौर।** भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के पावन पर्व गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुनौर में त्रि-दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत भव्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गुरु पूर्णिमा के तीसरे दिन आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी वाक्पटुता से समां बांध दिया।



### संस्कृति और गुरु के महत्व पर छात्रों ने रखे ओजस्वी विचार

प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने ष्आधुनिक समाज में गुरु की भूमिकाष और ष्भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपराष जैसे विषयों पर अपने ओजस्वी विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों के सधे हुए शब्दों और प्रभावशाली प्रस्तुति ने वहां मौजूद हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल के लिए भी विजेताओं का चयन करना एक कड़ा मुकाबला बन गया था।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजन जरूरी-

### प्राचार्य प्रभु दयाल मिश्रा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के ऊर्जावान प्राचार्य श्री प्रभु दयाल मिश्रा ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों की जमकर सराहना की। किताबी ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होना बेहद जरूरी है। भाषण जैसी प्रतियोगिताएं छात्रों के भीतर के संकोच को दूर कर उनमें नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का संचार करती हैं। हमारी भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊपर माना गया है, और आज के बच्चों में यह संस्कार डालना ही हमारे विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। प्रचार प्रभु दयाल मिश्रा और शिक्षकों और स्टाफ की रही सराहनीय भूमिका-कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याताओं, शिक्षकों और सहयोगी स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। मंच संचालन और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में सभी ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस सफल आयोजन से पूरे विद्यालय परिवार और छात्र-छात्राओं में भारी हर्ष का माहौल है।

**जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश**

## सड़क दुर्घटनाओं से बचाव एवं गौवंश की सुरक्षा के दृष्टिगत सड़कों पर पशुओं को छोड़ने पर प्रतिबंध

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश विगत दिनों जारी कर आमजन की सुरक्षा, सड़क एवं वाहन दुर्घटनाओं पर रोकथाम तथा पशुओं और गौवंश की समुचित सुरक्षा व देखभाल की दृष्टि से खुली सड़कों पर पशुओं एवं गौवंश को छोड़ने एवं बैठने पर प्रतिबंध लगाया है, जिसके तहत 15 जुलाई 2026 से आगामी दो माह तक जिले में नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे, प्रमुख जिला मार्गों तथा ग्राम सड़क एवं शहरो के वार्डों की सड़कों पर कोई भी पालक अपने पशु व गौवंश को खुले में नहीं छोडेगा। स्वयं के दुग्ध के उपयोग के लिए पशुपालन करने वाले पशुपालक अपने पशु और गौवंश को अपने कैम्पस के अंदर रखेंगे। सभी पशुपालकों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसे पशु और गौवंश सार्वजनिक स्थानों सहित अन्य मार्गों पर न पहुंचें। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सभी जनपद पंचायत सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ, सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों को अपने कार्यक्षेत्र में सड़क अथवा सार्वजनिक स्थल पर पाए जाने वाले निराश्रित पशु या गौवंश को 15 दिवस के भीतर नजदीकी गौशाला में रखने की कार्यवाही के संबंध में निर्देशित किया गया है। इसके




अलावा उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सहित पशु चिकित्सक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को गौशालाओं के सतत निरीक्षण, पंजी संधारण तथा टैगिंग कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। गौशाला में प्रवेश के पश्चात गौवंश प्राप्त करने आने वाले पशुपालकों से खुराक खर्च एवं अर्थदण्ड लिया जाएगा। गौवंश एवं पालक की पहचान का रिकार्ड रखना भी आवश्यक है। इस संबंध में जारी आदेश में यह भी उल्लेखित है कि निराश्रित घूमने वाले पशु अथवा गौवंश को एक सप्ताह के अंदर संबंधित गौशालाओं में रखे जाने के कार्यवाही नहीं करने पर तथा सड़कों में गौवंश घूमते पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों व अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के साथ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के प्रावधानों के अनुसार अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। उल्लंघनकर्ता पशुपालक के विरूद्ध भी नियत प्रावधान अनुसार अभियोजन की कार्यवाही होगी। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र भ्रमण, समाचार पत्रों, सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से सड़कों पर निराश्रित पशु बैठने व विचरण के कारण दुर्घटना की संभावना पर संज्ञान लेकर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आदेश प्रसारित किया गया है। जारी निर्देशों का समुचित प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। गत दिवस मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव द्वारा भी इस संबंध में समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए थे। वर्तमान में जिले में नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा एक गौशाला संचालित की जा रही है, जबकि निजी संस्थाओं द्वारा 5 तथा ग्राम पंचायत व स्वसहायता समूह द्वारा 41 गौशालाओं का संचालन किया जा रहा है।

## देवेंद्रनगर में आर्यिका अक्षयमती माताजी की भव्य आगवानी



**देवेन्द्रनगर।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की दिव्यक्रपा एवं आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद से देवेंद्र नगर मे आर्यिका अक्षयमती माताजी एवं आर्यिका निर्मदमती माताजी ससंघ का चातुर्मास हेतु प्रवेश हुआ जिसमे संपूर्ण जैन समाज देवेंद्र नगर ने माताजी की रंगोली, चौक, आरती, चरण प्रच्छालन, आदि आस्थायुक्त गतिविधियों के माध्यम से आगवानी की! डीजे, बैंड तथा जयकारों की ध्वनि तथा अंबर तक लहराती ध्वजायें एवं हजारों श्रावक श्राविकाओं के साथ माताजी का नगर प्रवेश हुआ! मंदिर परिषर पर पहुंचने पर माताजी ससंघ ने जिनेन्द्र भगवान के दर्शन कर मंचपर स्थान ग्रहण किया तत्पश्चात प्रतिष्ठाचार्य संकेत जैन (विवेक) के निर्देशन मे दीप प्रज्वलन शास्त्र भेंट तथा कु. रुपाली द्वारा मंगलाचरण समर्पित हुआ! जैन समाज अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप जैन तथा समस्त चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर ट्रष्ट कमेटी ने समस्त समाज की ओर से चातुर्मास हेतु श्रीफल अर्पित कर प्रार्थना करी! श्रीमती अंकिता संकल्प जैन ने सुंदर स्वरों से मध्य मंगलाचरण के द्वारा सभा को भक्तिमय माहौल से अभिषिक्त कर दिया, तत्पश्चात माताजी के मांगलिक प्रवचन हुये! माताजी ने सकल समाज को वर्षायोग के विषय मे महत्वपूर्ण उद्बोधन व्यक्त किया इस अवसर पर दीप प्रज्वलन का सौभाग्य समस्त नगर गौरव मुनिराज एवं माताजी के ग्रहस्थिक परिवार जनों को मिला!समाज कमेटी के पदाधिकारी मे उपाध्यक्ष इंद्रचंद्र जैन बट्टू, रवि जैन महामंत्री,,संजय जैन मनीष जैन कोषाध्यक्ष, शांत कुमार जैन राहुल जैन सहमंत्री तथा रविन्द्र जैन मुनि सेवा अध्यक्ष,, श्रीमती कल्पना,, श्रीमती राजुल,, श्रीमती साधना जैन के साथ माताजी के विहार मे सतना से निरंतर विहाररत सभी नव यूवक मंडल ने श्रीफल समर्पित किये।

## कृषि मंत्री के सख्त निर्देशों के बावजूद देवेंद्रनगर में बीज-कीटनाशक कारोबार पर मेहरबानी! अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**देवेंद्रनगर।** एक ओर देश के कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वराज सिंह चौहान लगातार नकली बीज, नकली खाद एवं कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं और अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं जांच के आदेश दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर देवेंद्रनगर क्षेत्र में इन निर्देशों का असर दिखाई नहीं दे रहा है। क्षेत्र में बीज भंडार एवं कीटनाशक दुकानों को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। किसानों का आरोप है कि उनसे मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं, कई स्थानों पर बिना बिल बिक्री की जा रही है तथा स्थानीय और संदिग्ध गुणवत्ता की दवाएं बेची जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ दुकानों के लाइसेंस नवीनीकरण को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं, जबकि एक्सपायरी दवाओं के बिक्री की शिकायतें भी किसानों द्वारा की जा रही हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब केंद्र सरकार और कृषि मंत्री स्वयं नकली कृषि आदानों के खिलाफ अभियान चलाने की बात कर रहे हैं, तब देवेंद्रनगर क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण क्यों नहीं हो रहे? किसानों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद अब तक कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई है। सूत्रों की मानें तो निरीक्षण के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई की जा रही है और जमीनी स्तर पर जांच की गति बेहद धीमी है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन लगातार सामने आ रही शिकायतों ने कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। वहीं विभागीय अधिकारी अपने बचाव में समय-समय पर निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कहते हैं, लेकिन यदि वास्तव में नियमित जांच हो रही है, तो फिर किसानों की शिकायतें लगातार क्यों बढ़ रही हैं और अब तक कोई बड़ी कार्रवाई सामने क्यों नहीं आई? खरीफ सीजन के दौरान किसान बड़ी मात्रा में बीज और कीटनाशकों की खरीद कर रहे हैं। ऐसे समय में यदि गुणवत्ता और मूल्य नियंत्रण को लेकर सख्ती नहीं बरती गई तो इसका सीधा असर किसानों की जेब और फसल उत्पादन पर पड़ सकता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि आखिर देवेंद्रनगर क्षेत्र में केंद्र सरकार एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशों का पालन कब तक सुनिश्चित होगा और किसानों की शिकायतों पर कब प्रभावी कार्रवाई होगी। या फिर निर्देश केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे।

## मध्य प्रदेश पुलिस एसबीआई एमओयू के तहत दिवंगत आरक्षक अयज भास्क के परिजनों को 1 करोड़ का बीमा चेक किया प्रदान

**पन्ना।**




मध्य प्रदेश पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) आज दिनांक 17 जुलाई 2026 को मध्य संपादित पुलिस सैलरी पैकेज एमओयू के अंतर्गत ड्यूटी के दौरान दिवंगत हुए आरक्षक अजय भास्कर के परिजनों को 1 करोड़ की बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया। मध्य प्रदेश पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक के मध्य हुए इस एमओयू के अनुसार, जिन पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन खाता एसबीआई के पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत संचालित है, उन्हें निर्धारित शर्तों के अनुसार दुर्घटना अथवा ड्यूटी के दौरान मृत्यु जैसी परिस्थितियों में विशेष बीमा एवं अन्य बैंकिंग सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाता है। इसी प्रावधान के तहत दिवंगत आरक्षक अजय भास्कर के परिजनों को 1 करोड़ की बीमा राशि स्वीकृत की गई। यह बीमा चेक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पन्ना सुश्री वंदना सिंह चौहान एवं भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दिवंगत के परिजनों को सौंपा गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना सिंह चौहान ने दिवंगत आरक्षक अजय भास्कर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। एसबीआई के साथ किया गया पुलिस सैलरी पैकेज एमओयू भी ऐसी ही एक महत्वपूर्ण पहल है, जो कठिन समय में पुलिस परिवारों को आर्थिक सुरक्षा एवं संबल प्रदान करता है। भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों ने बताया कि पुलिस सैलरी पैकेज का उद्देश्य पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों को आकस्मिक परिस्थितियों में वित्तीय सुरक्षा उपलब्ध कराना है तथा यह योजना पुलिस बल के कल्याण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

**खबर संक्षेप**

## आरक्षक शिवम शर्मा का अग्रिम जमानत आवेदन खारिज



छतरपुर। पंचम अपर सत्र न्यायाधीश महोदय ने पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक शिवम शर्मा का एक मामले में अग्रिम जमानत का आवेदन शुक्रवार को सुनवाई के दौरान खारिज कर दिया। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी एडवोकेट अरूण देव खरे द्वारा की गई। ज्ञातव्य है कि आरक्षक शिवम शर्मा का पत्नी प्रज्ञा शर्मा से विवाद चल रहा है। प्रज्ञा शर्मा ने कुटुम्ब न्यायालय में मामला दायर किया था। वह 28 जून को कुटुम्ब न्यायालय से पेशी करके लौट रही थी तभी बस स्टेण्ड के पास उसके आरक्षक पति शिवम शर्मा ने जबरन मोबाइल छीन लिया था और भाग गया था। जिसकी शिकायत प्रज्ञा शर्मा ने कोतवाली में की थी। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में मोबाइल स्नेचिंग का मामला दर्ज किया था। और इसी मामले में अग्रिम जमानत पाने के लिए आरक्षक शिवम शर्मा ने पंचम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में आवेदन लगाया था। जिसे न्यायाधीश महोदय ने सुनवाई के दौरान खारिज कर दिया।

## भंडारे से लौट रहे किशोर पर चाकू से हमला, पीठ पर तीन वार; जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती



छतरपुर। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर भंडारे से लौट रहे एक 15 वर्षीय किशोर पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल अनिकेत प्रजापति (15) पिता कमलेश प्रजापति, निवासी फूला देवी मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 11, को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल के चाचा विनोद ने बताया कि अनिकेत अपने बड़े भाई के साथ दोपहर करीब 1 बजे फूला देवी मंदिर में आयोजित भंडारे में गया था। लौटते समय मंदिर के पास कुछ युवकों से उसकी कहासुनी हो गई, जिसे मौके पर शांत करा दिया गया। इसके बाद अनिकेत अपने भाई के साथ घर लौट रहा था। आरोप है कि तभी बाईपास रोड निवासी मूलु अनुरागी ने पीछे से आकर अनिकेत की पीठ पर चाकू से तीन वार कर दिए। हमले में उसकी पीठ और हाथ के अंगूठे में गंभीर चोटें आईं।घटना के बाद घायल किसी तरह घर पहुंचा और परिजनों को पूरी जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे निजी वाहन से सिटी कोतवाली थाना लेकर पहुंचे, जहां उसकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर रोशन द्विवेदी ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोटों को देखते हुए अनिकेत को ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बीच सड़क महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा, युवक को खदेड़ते हुए वीडियो वायरल



छतरपुर। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित संकट मोचन तिराहे पर देर शाम एक महिला द्वारा बीच सड़क पर युवक को खदेडने का मामला सामने आया है। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो किसी ने अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला और युवक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढने पर महिला गुस्से में युवक के पीछे दौड़ती हुई दिखाई दी। काफी देर तक सड़क पर चले इस घटनाक्रम के कारण यातायात भी प्रभावित रहा और लोगों में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।वायरल वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। सिटी कोतवाली पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। फिलहाल विवाद की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

# अंधे कत्ल का मातगुवां पुलिस ने किया खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार, रेल्वे लाईन में क्षत विक्षत हालात में मिला था शव

छतरपुर।



थाना मातगुवां पुलिस ने एक अंधी हत्या का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पहले कुल्हाड़ी से हत्या की थी और फिर साक्ष्य मिटाने के लिए शव को बोरे में भरकर मातगुवां थाना अंतर्गत रेल्वे पटरी के पास फेंक दिया था। जिससे शव क्षत विक्षत हो गया था बाद में पुलिस ने पहचान करते हुए इस मामले का खुलासा किया और 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार 27 जून 2026 को थाना मातगुवां पुलिस को महाराजा छत्रसाल रेलवे स्टेशन एवं थाना ईशानगर रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे लाइन में क्षत विक्षत शव संबंधी सूचना प्राप्त हुई। शव की शिनाख्तगी ग्राम महेवा थाना ओरछा रोड निवासी रामजी रैकवार के रूप में की गई। गुम इंसान थाना ओरछा रोड में पंजीबद्ध था। मर्ग पंजीबद्ध कर शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस टीम द्वारा विभिन्न पहलुओं पर मर्ग जांच की गई। भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए गए। एकत्रित साक्ष्य, पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं परिजनों के कथनों के आधार पर थाना मातगुवां में भारतीय न्याय संहिता की हत्या एवं साक्ष्य मिटाने सहित समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस अधीक्षक छतरपुर रजत सकलेचा द्वारा पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे। पुलिस टीम द्वारा उक्त हत्या की घटना में सम्मिलित 2 आरोपी मूलचंद रैकवार पिता बालादीन रैकवार निवासी ग्राम महेवा थाना ओरछा रोड, विधि विरुद्ध किशोर को अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उनके द्वारा मृतक राम जी को बुलाकर कुल्हाड़ी से हत्या की गई, शव को झाड़ियों में छुपा दिया गया था। उसके पश्चात हत्या की घटना को छुपाने के उद्देश्य से शव को बोरे में भरकर रेलवे लाइन पहुंचाया गया था। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, मोटरसाइकिल, मृतक का मोबाइल फोन इत्यादि बरामद किया गया। विधिवत कार्यवाही कर अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया गया।

**साथ मरेंगे साथ जीऐंगे की तर्ज पर आपसी झगड़े के बाद पति-पत्नी ने कुएं में लगाई छलांग**

## पुलिस के प्रयास से बची जान अस्पताल में चल रहा उपचार



छतरपुर। थाना ओरछा रोड़ के अंतर्गत ग्राम कैड़ी में शुक्रवार को पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद हुआ और यह विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ने साथ मरेंगे साथ जीऐंगे के बाक्य को चरितार्थ करते हुए कुएं में छलांग लगा दी। हालांकि एक बड़ा हादसा होते होते टल गया दोनो पति-पत्नी को कुएं से सुरक्षित निकालकर जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना ओरछा रोड़ के ग्राम कैड़ी मे पति परमलाल अहिरवार का पत्नी भागवती अहिरवार से विवाद हुआ और पति ने आवेश में आकर पत्नी के साथ मारपीट कर दी और बाद में पति परमलाल अहिरवार ने कुंए में छलांग लगा दी। जब पत्नी भागवती ने देखा कि उसके पति ने कुएं में छलांग लगा दी है तो वह भी पीछे नहीं हटी और उसने भी कुएं में छलांग लगा दी। जब ग्रामीणो ने दोनो को कुएं में छलांग लगाते हुए देखा तो तत्काल थाना ओरछा रोड़ पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलते ही ओरछा रोड़ थाना प्रभारी दीपक यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बिना समय गवाए स्थानीय लोगों की मदद से पति-पत्नी को कुएं से निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और कुछ समय में दोनो पति-पत्नी को कुंए से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद पुलिस दोनो को जिला अस्पताल लेकर पहुंची जहा दोनो का उपचार शुरू किया गया। डॉक्टरों के अनुसार दोनो की हालत स्थिर बताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने समय रहते तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन किया जिससे बड़ा हादसा टल गया।

## आंवले का मुरब्बा खाते समय जार में दिखी मृत छिपकली घबराकर बेहोश हुई महिला जिला अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में आंवले का मुरब्बा खाते समय जार में मृत छिपकली दिखाई देने के बाद एक महिला की तबीयत बिगड़ गई। छिपकली को देखकर महिला घबरा गई और कुछ ही देर में बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।**



जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन के पास रहने वाली 50 वर्षीय शांकुंवर सिंह शुक्रवार को अपने घर में फ्रिज में रखा आंवले का मुरब्बा खा रही थीं। मुरब्बा खाते-खाते अचानक उनकी नजर जार के अंदर पड़ी, जहां एक मृत छिपकली दिखाई दी। यह देखकर वह घबरा गईं और मानसिक रूप से इतना विचलित हो गईं कि कुछ ही क्षणों बाद मूर्छित होकर जमीन पर गिर पड़ीं। महिला के गिरने की आवाज सुनकर उनका बेटा पवन और बहू कमरे में पहुंचे। उन्होंने महिला को संभाला और तबीयत के बारे में पूछा। होश आने पर महिला ने बताया कि वह फ्रिज से मुरब्बा निकालकर खा रही थीं। इसी दौरान उन्होंने देखा कि मुरब्बे के अंदर एक मृत छिपकली पड़ी हुई है, जिसे देखकर वह बुरी तरह घबरा गईं।

घटना के बाद परिजनों को आशंका हुई कि महिला ने छिपकली वाले मुरब्बे का सेवन कर लिया है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एहतियात के तौर पर वे तत्काल उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच और उपचार के बाद महिला को भर्ती कर लिया। फिलहाल उनकी हालत पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

परिजनों ने बताया कि घटना के बाद महिला काफी डरी हुई थीं और लगातार बेचैनी महसूस कर रही थीं। चिकित्सकों का कहना है कि महिला का उपचार जारी है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। वहीं, इस घटना के बाद परिवार ने घर में रखे खाद्य पदार्थों की जांच भी शुरू कर दी है। घटना ने एक बार फिर खाद्य सामग्री का सेवन करने से पहले उसकी अच्छी तरह जांच करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

## स्कूली विद्यार्थियों ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली, लोगों को दिया नशे से दूर रहने का संदेश




छतरपुर। मध्य प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को छतरपुर में स्कूली छात्र-छात्राओं ने जनजागरूकता रैली निकालकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। अभियान की शुरुआत ट्रैफिक थाना परिसर से हुई, जहां ट्रैफिक थाना प्रभारी बृहस्पति साकेत ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां और बैनर लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। इस दौरान उन्होंने नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो और नशे से दूरी, जीवन में खुशहाली जैसे नारों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने आमजन से स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की। इस अवसर पर ट्रैफिक थाना प्रभारी बृहस्पति साकेत ने कहा कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज में जनभागीदारी बढ़ाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि नशामुक्त समाज के लक्ष्य को सफल बनाया जा सके। रैली के दौरान ट्रैफिक पुलिस का पूरा स्टाफ, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। शहरवासियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए नशा मुक्ति अभियान में सहयोग का भरोसा दिलाया।



## श्रद्धा और आस्था का सैलाब, भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की भव्य रथयात्रा निकली

छतरपुर। शहर में भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की भव्य एवं विशाल रथयात्रा श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के माहौल के बीच निकाली गई। भगवान जगन्नाथ स्वामी जी अपनी बहन देवी सुभद्रा और बड़े भाई भगवान बलभद्र के साथ सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। रथयात्रा के दर्शन के लिए शहरभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और पूरे मार्ग पर जय जगन्नाथ के जयघोष गूंजते रहे। रथयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान के रथ को खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया। भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और धार्मिक ध्वजों के साथ निकली यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई आगे बढ़ी, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान का स्वागत कर पूजा-अर्चना की। रथयात्रा समिति के अध्यक्ष निक्की ताम्रकार और सचिव संतोष ताम्रकार ने बताया कि रथयात्रा चौक बाजार से प्रारंभ होकर अन्नपूर्णा रामलीला मंदिर तक पहुंचेगी, जहां से पुनः चौक बाजार होते हुए पुरानी तहसील स्थित मैदान में पहुंचेगी। यहां भगवान जगन्नाथ स्वामी जी चार दिवसीय विश्राम करेंगे। उन्होंने बताया कि चार दिवसीय प्रवास के दौरान प्रतिदिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें खाटू श्याम भजन संध्या, बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य धार्मिक आयोजन होंगे, जिनमें शहर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

## बकस्वाहा में श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथ यात्रा



बकस्वाहा।

नगर में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई। रथ यात्रा का शुभारंभ जगन्नाथ स्वामी मंदिर से विधि-विधान के साथ हुआ। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई राम मंदिर, चौक बाजार, बांके बिहारी मंदिर मार्ग से आगे बढ़ी। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर पुष्प वर्षा की तथा रथ का स्वागत किया। रथ यात्रा के दौरान नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु जय जगन्नाथ के जयकारे लगाते हुए भजन-कीर्तन करते चले। रामराजा व्यायामशाला के युवाओं ने आकर्षक शारीरिक करतब प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया, जिन्हें लोगों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से सराहा। यात्रा महेंद्र सागर पहुंची, जहां भगवान जगन्नाथ स्वामी का पारंपरिक जल विहार कराया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जल विहार के बाद रथ यात्रा बस स्टैंड मार्ग से होते हुए पुनः जगन्नाथ स्वामी मंदिर पहुंची। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। रथ यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान नगर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिला।

## मोरवा पहाड़ी पर एमकेसी कंपनी और क्रेशर मालिक का अवैध उत्खनन जारी विरोध करने पर ग्रामीणों को मिली जान से मारने की धमकी, एसपी से शिकायत

छतरपुर।



छतरपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरवा के ग्रामीणों ने एकत्रित होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक शिकायती आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम मोरवा स्थित पहाड़ी पर एमकेसी कंपनी और निर्भर स्टोन क्रेशर के मालिक द्वारा नियमों को ताक पर रखकर दिन-रात डायनामाइट से भारी और गहरी हॉल ब्लास्टिंग कर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इस अवैध उत्खनन क्षेत्र से महज 400 मीटर की दूरी पर शासकीय माध्यमिक शाला, आंगनवाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत भवन और सहकारी समिति का कार्यालय स्थित है, जहां करीब 200 से अधिक बच्चे पढ़ाई करने आते हैं। इसके अलावा पास में ही ग्रामीणों के आवासीय मकान, किसानों की कृषि योग्य भूमि और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क भी मौजूद है। नियमों के विरुद्ध की जा रही इस हाई ब्लास्टिंग के कारण ग्रामीणों के घरों में तेज कंपन होता है, जिससे मकानों की दीवारों, छतों और खिड़कियों में दरारें आ गई हैं। भारी वाहनों के आवागमन से उडने वाली धूल के कारण राहगीरों को सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में यह क्षेत्र गौचर भूमि के रूप में आरक्षित था, जहां गांव के पालतू पशु और गौवंश चरते थे, लेकिन पट्टाधारियों और कंपनी ने यहां से पत्थर व मुरम निकाल-निकाल कर इसे पूरी तरह बंजर बना दिया है और अब वहां क्रेशर प्लॉट स्थापित कर लिया गया है। कंपनी द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मानवाधिकारों के किसी भी दिशा-निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे गांव का पर्यावरण पूरी तरह प्रदूषित हो गया है और रात के समय मशीनों के भारी शोर व कंपन से बच्चों की पढ़ाई और लोगों की नींद प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, खनिज विभाग द्वारा एमकेसी कंपनी पर अर्थदंड लगाए जाने के बावजूद अवैध ब्लास्टिंग और उत्खनन का कार्य बिना किसी प्रशासनिक खौफ के लगातार जारी है। हद तो तब हो गई जब इस अवैध कृत्य की शिकायत जिला कलेक्टर, एसडीएम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मानवाधिकार आयोग से की गई, तो इस बात से बौखलाकर एमकेसी कंपनी के एजीएम ने आवेदक को अपने ऑफिस में बुलाकर जान से मारने की धमकी दी। एजीएम और मैनेजर ने साफ शब्दों में कहा कि यदि आवेदन वापस नहीं लिया या खदान का विरोध बंद नहीं किया, तो वे ग्रामीणों को गलत मामलों में फंसा देंगे या उन्हें जान से खत्म करवा देंगे। अनिल, विश्वनाथ रजक, सुरेश रजक, सुनील, सेवालाल रजक, अमान सिंह और अनुज प्रताप सहित समस्त ग्रामीणों ने एसपी से मांग की है कि मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कराकर अवैध उत्खनन रुकवाया जाए और ग्रामीणों को सुरक्षा प्रदान करते हुए दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए।

# गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और नियमित जाँच पर विशेष ध्यान दें

## डिप्टी सीएम उप मुख्यमंत्री ने माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर का किया लोकार्पण





**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय बिछिया रीवा में नवीन भवन में बनाए गए आधुनिकतम माड्यूलर आपरेशन थियेटर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार बेहतर किया जा रहा है। जिला अस्पताल में आधुनिक ओपीडी भवन बन जाने से बाह्य रोगियों के उपचार की व्यवस्था अच्छी हुई है। उप मुख्यमंत्री ने सिविल सर्जन तथा चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक रोगियों के उपचार की संतोषजनक व्यवस्था करें। गर्भवती महिलाओं का समय पर और शत-प्रतिशत पंजीयन कराएं। गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जाँच कर उन्हें समुचित दवाएं दें। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को स्वास्थ्य केन्द्रों में लगाए जाने वाले शिविरों में स्त्री रोग विशेषज्ञ तैनात करके गर्भवती महिलाओं की जाँच कराएं। यदि कोई महिला सीवियर एनिमिक है तो उसे जिला अस्पताल में भर्ती करके पूरा उपचार दें। सबके समन्वित प्रयासों से शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर पर नियंत्रण होगा।

उप मुख्यमंत्री ने नवीन आपरेशन थियेटर तथा विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने भर्ती रोगियों का हालचाल जाना। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि दो नए आपरेशन थियेटर बन जाने से प्रतिदिन आपरेशन संभव हो सकेंगे। गंभीर रोगियों को आपरेशन के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। निरीक्षण के समय राजगोपाल मिश्रा चारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विशेषज्ञ सर्जन डॉ. आलोक सिंह दुबे, अन्य सर्जन डॉ. अनुराग शर्मा तथा अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

### सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विस्तार कार्य का किया निरीक्षण

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 400 तक बढ़ाने के लिए इसके विस्तार का कार्य किया जा रहा है। मुख्य भवन के पीछे की ओर नवीन भवन का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्माण स्थल का भ्रमण करके निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा कराएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में गंभीर रोगों से ग्रस्त रोगी पहुंच रहे हैं। नया भवन बन जाने के बाद बड़ी संख्या में रोगियों को भर्ती और उपचार की सुविधा मिलेगी। मौके पर उपस्थित अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल डॉ. अक्षय श्रीवास्तव ने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी दी। निरीक्षण के समय निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### यूपी के दो तस्कर गिरफ्तार, अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क एवं स्थानीय सप्लायर भी पुलिस के रडार पर

# ऑपरेशन प्रहार-2.0 में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, मक्के की बोरियों में छिपाकर ले जाए जा रहे 20 क्विंटल 30 किलो 4.61 करोड़ कीमती गांजे की खेप जब्त



**रीवा।** मध्यप्रदेश पुलिस के प्रदेशव्यापी नशा विरोधी अभियान नशे से दूरी है, बहुत जरूरी के तहत रीवा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले की मनगवां थाना पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार-2.0 के अंतर्गत शुक्रवार को अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क पर प्रहार करते हुए करीब 20 क्विंटल 30 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। मक्के की बोरियों के बीच बड़ी चतुराई से छिपाकर ले जाई जा रही इस खेप की अनुमानित कीमत 4 करोड़ 6 लाख रुपये बताई गई है। ट्रक और अन्य सामग्री सहित कुल जब्ती का मूल्य लगभग 4 करोड़ 61 लाख रुपये आंका गया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुट गई है। पुलिस के अनुसार मनगवां थाना पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि यूपी नंबर **UP**-63 **T**-3170 का एक ट्रक मनगवां बायपास स्थित ग्राम आंबी ओवरब्रिज के नीचे खड़ा है। सूचना में बताया गया था कि ट्रक में मक्के की बोरियों के बीच भारी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा गया है, जिसे प्रयागराज की ओर ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी की गई। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर विधिवत तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान मक्के की बोरियों के बीच विशेष तरीके से छिपाकर रखा गया 20 क्विंटल 30 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामदगी के बाद पुलिस ने तत्काल ट्रक जब्त कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मौके से मनोज कुमार हरिजन (25 वर्ष), निवासी अटारी, थाना मनिहार, जिला मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश)सुनील कुमार कोल (35 वर्ष), निवासी अटारी, थाना मनिहार, जिला मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया है जबकि पूरे मामले में ट्रक मालिक को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है जिसकी तलाश की जा रही है,दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गांजे की खेप किस राज्य से लाई गई थी, इसका अंतिम गंतव्य क्या था और इसके पीछे कौन-कौन लोग सक्रिय हैं। पूरी कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन डॉ. गौरव राजपूत, डीआईजी हेमंत चौहान, पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) संदीप मिश्रा के निर्देशन तथा एसडीओपी मनगवां प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा एवं उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस बड़ी खेप को जब्त कर अंतरराज्यीय तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर दिया।

### मक्के की आड़ में तस्करी

बता दे तस्करों ने पुलिस की नजरों से बचने के लिए गांजे को मक्के की बोरियों के बीच इस तरह छिपाया था कि सामान्य जांच में इसकी पहचान करना मुश्किल हो। पुलिस का मानना है कि यह तस्करी सुनियोजित तरीके से की जा रही थी और इसमें कई राज्यों के लोगों की संलिप्तता हो सकती है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ और वाहन जब्त किए हैं। जब्त सामग्री में शामिल हैं20 क्विंटल 30 किलोग्राम गांजा (अनुमानित कीमत लगभग 4 करोड़ 6 लाख रुपये) ट्रक क्रमांक **UP**-63 **T**-3170 (अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये) मक्का दाना (अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये) इस प्रकार कुल जब्ती का मूल्य लगभग 4 करोड़ 61 लाख रुपये आंका गया है।

### स्थानीय तस्कर भी जांच के घेरे में

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में रीवा जिले के कुछ स्थानीय तस्करों के नाम भी सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि मनगवां सहित जिले के कुछ क्षेत्रों में लंबे समय से गांजे की आपूर्ति करने वाले लोगों का इस नेटवर्क से संबंध हो सकता है। हालांकि पुलिस ने अभी किसी स्थानीय व्यक्ति का नाम सार्वजनिक नहीं किया है, लेकिन संदिग्धों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है. संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# तीन राशन दुकानें निलंबित,सेल्समैनों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज



**रीवा।** नगर निगम क्षेत्र की तीन उचित मूल्य दुकानों को निलंबित कर दिया गया है।इनके सेल्समैनों के विरूद्ध थाना सिविल लाइन रीवा में एफआईआर दर्ज कराई गई है।इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशों के अनुसार वार्ड 35, वार्ड क्रमांक 1 तथा वार्ड क्रमांक 19 बी की उचित मूल्य दुकानों की जाँच कराई गई। जाँच दल में शामिल नायब तहसीलदार हुजूर सहायक आपूर्ति अधिकारी तथा सहकारिता निरीक्षक को इन दुकानों में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इन दुकानों के सेल्समैनों द्वारा फर्जी तरीके से अपात्र व्यक्तियों के अंगूठे लगाकर राशन का वितरण किया गया। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए तीनों दुकानों को निलंबित कर दिया गया है।इनके सेल्समैन अजहर अहमद वार्ड 35 यूनिस खान वार्ड 1 एवं विजय कुमार सोंधिया वार्ड 19 बी के विरूद्ध मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के प्रावधानों तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1966 के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की गई है।इन सभी के विरूद्ध थाना सिविल लाइन में एफआईआर दर्ज कराई गई है।जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि इन निलंबित दुकानों के उपभोक्ताओं को राशन के वितरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।वार्ड क्रमांक 35 की दुकान के उपभोक्ता महिला सहकारी उपभोक्ता भण्डार वार्ड क्रमांक 37 की दुकान तथा वार्ड क्रमांक 1 की दुकान के उपभोक्ता सरस्वती महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार वार्ड क्रमांक दो ए की दुकान से राशन प्राप्त कर सकेंगे। निलंबित राशन दुकान वार्ड क्रमांक 19 बी के उपभोक्ता प्रियदर्शिनी महिला सहकारी उपभोक्ता भण्डार वार्ड क्रमांक 19 ए की राशन दुकान से राशन प्राप्त करेंगे।राशन का वितरण 31 जुलाई तक किया जाएगा। सभी संबंधित उपभोक्ता निर्धारित तिथि से पहले अपना राशन प्राप्त कर लें।

# भा. रा. पत्रकार महासंघ के 27वें स्थापना दिवस का हुआ आयोजन महासंघ द्वारा प्रकाशित संवाददाता डायरी का विमोचन



**रीवा।** लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाए रखने में मीडिया की महती भूमिका है भारत के लोकतंत्र को चलाने में पत्रकारिता का चौथा स्तम्भ बहुत ही सशक्त है कहने और देखने में तो तीन स्तम्भ ही दिखते हैं। न्यायपालिका कार्यपालिका विधायिका लेकिन चौथा स्तम्भ पत्रकारिता का जो नहीं दिखता वह धरातल पर मजबूती के साथ नींव में इस भारत के प्रजातंत्र को साधे हुए हैं। पत्रकारिता में पक्ष व विपक्ष दोनों ही नहीं होते यहां केवल निष्पक्ष होता है। उक्त उद्गार मध्य प्रदेश शासन के खेल युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के सत्ताइसवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित हिन्दी भवन भोपाल में राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के आसंदी से बोल रहे थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि पत्रकारों को सजगता के साथ गरीबों की आवाजों को सरकार तक पहुंचाने की महती आवश्यकता है,पत्रकारों से शासन प्रशासन ही नहीं समाज भी बड़ी आपेक्षा करता है। राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि ने किया मंचीय माल्यार्पण एवं स्वागत के उपरांत पत्रकारों ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्रम एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय सम्मेलन में दस सूत्रीय प्रस्ताव मांग पत्र, मुख्य अतिथि विश्वास कैलाश सारंग को सौंपे गए। जिन्हें पूरा कराने के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा कर पूर्ण कराने का आश्वासन सहकारिता मंत्री ने पत्रकार साथियों को दिया। मांग पत्र में पत्रकारों को संवैधानिक दर्जा प्रदान कराने, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने, देशभर में अधिमान्यता में एक रूपता के साथ सरलीकरण कर सभी पत्रकारों को अधिमान्य पत्रकार की श्रेणी में ले आने,समाचार पत्रों में कार्य करने वाले श्रमिक साथियों के भविष्य को सुनिश्चित किए जाने हेतु कानून बनाने,प्रदेश के सभी जिलों में पत्रकार भवन एवं पत्रकार कॉलोनी बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने,छोटे मझौले समाचार पत्रों को हर माह विज्ञापन देने,सत्तर वर्ष पूर्ण कर चुके पत्रकारों को अधिमान्यता की दस वर्षीय बाध्यता समाप्त कर सम्मान निधि दिलाई जाने,रेल यात्रा में जो छूट पहले दी जा रही थी कोरोना काल के समय बंद की गई थी,उसे पुनः बहाल किए जाने,राज्य सरकार के टोल बैरियरों की तरह राष्ट्रीय राज्य मार्ग के टोल बैरियरों से पत्रकारों की गाड़ियों को निःशुल्क निकलने की पात्रता दी जाए। पत्रकारों के लिए जो परिपत्र राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया है कि डीआईजी स्तर का अधिकारी मामले की जांच करें,उसके बाद ही पत्रकार के ऊपर प्रकरण दर्ज हो। उस परिपत्र का पालन थानों में नहीं किया जाता,उसके पालन हेतु नियम बनाकर जिम्मेदारी तय की जाए,जिससे सरकार के आदेशों का थानों में पालन हो। मध्यप्रदेश इकाई के प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह राठौर,राष्ट्रीय महासचिव योगेन्द्र कुमार मिश्रा विश्वबंधु,राष्ट्रीय देश दर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रदीप सिंह,राजस्थान प्रदेश प्रभारी कपिल देव शर्मा,मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा,दिल्ली समाचार पत्र के उप संपादक आत्माराम त्रिपाठी,उत्तर प्रदेश इकाई के सतीश मिश्रा बब्बा,रीवा वार्ता के संपादक विजय पांडेय,श्रीकांत जैन,गुड्डा सागर,रियाजउद्दीन खांन,मीडिया प्रभारी अमित गोस्वामी आदि प्रमुख लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मध्य प्रदेश के प्रांतीय सचिव डॉ मनोज पाठक ने किया। स्वागत भाषण एवं प्रगति प्रतिवेदन मध्य प्रदेश के प्रांतीय उपाध्यक्ष बीके मिश्रा ने किया।

**संजय गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत**

# शराब के नशे में नाती ने बाबा को लाठियों से पीट-पीटकर की हत्या

**रीवा।** जिले के पनवार थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई है। शराब के नशे में धुत एक युवक ने पहले अपनी दादी के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। जब बुजुर्ग बाबा पत्नी को बचाने के लिए बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपी ने उन पर लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर महज 12 घंटे के भीतर आरोपी नाती को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार घटना पनवार थाना क्षेत्र के ग्राम चौर शुक्लान टोला की है। पुलिस के मुताबिक 14 जुलाई की शाम आरोपी शिवम उर्फ शिवा कोल शराब के नशे में अपने घर पहुंचा। घर पहुंचते ही उसका किसी बात को लेकर अपनी दादी चंद्रकली देवी से विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने दादी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। दादी की चीख-पुकार सुनकर उनके पति नंदलाल कोल बीच-बचाव करने पहुंचे। बताया जा रहा है कि इससे आरोपी और अधिक आक्रोशित हो गया। उसने हाथ में मौजूद लाठी से अपने बाबा पर लगातार कई वार कर दिए। हमले में नंदलाल कोल गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। बीच-बचाव के दौरान दादी चंद्रकली देवी भी घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही पनवार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा रेफर कर दिया। अस्पताल में उपचार के दौरान बुजुर्ग नंदलाल कोल ने दम तोड़ दिया। उनकी मौत के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल फैल गया। बुजुर्ग की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को हत्या में परिवर्तित कर गंभीरता से जांच शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरुकरण सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, एसडीओपी डभौरा नारायण सिंह कुम्हरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर दबिश देते हुए घटना के मात्र 12 घंटे के भीतर आरोपी शिवम उर्फ शिवा कोल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**रीवा ।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2027-28 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 7 जुलाई से शुरू हो गई है। आवेदन 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए। जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो ऐसे विद्यार्थी 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# हर नए कदम के साथ हरियाली का संकल्पः हिंडालको महान ने स्वागत को बनाया पर्यावरण संरक्षण का उत्सव

**सिंगरौली।** पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को अपनी कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग मानते हुए हिंडालको महान ने एक सराहनीय एवं प्रेरणादायी पहल की शुरुआत की है। अब इकाई से जुड़ने वाले प्रत्येक नए अधिकारी एवं कर्मचारी का स्वागत पौधरोपण के माध्यम से किया जाएगा। इस पहल के अंतर्गत नए सदस्य अपने परिवार के साथ अपने नाम से पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए संगठन की हरित विकास यात्रा का हिस्सा बनेंगे।

इस अभिनव अभियान के प्रथम चरण में हाल ही में हिंडालको महान से जुड़े 30 नए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने नाम से पाँच-पाँच पौधे लगाए। यह पहल केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक पौधे के संरक्षण एवं उसे पूर्ण विकसित वृक्ष के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता भी इससे जुड़ी है। अभियान का उद्देश्य यह संदेश देना है कि जिस प्रकार एक छोटा पौधा समय के साथ विशाल वृक्ष बनकर समाज, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों को लाभान्वित करता है, उसी प्रकार संगठन से जुड़ने वाला प्रत्येक सदस्य भी अपने ज्ञान, अनुभव और समर्पण से हिंडालको महान की सतत प्रगति एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है।



कार्यक्रम में इकाई प्रमुख लिनु पंचमन एवं उनकी धर्मपत्नी अनुजा पंचमन, मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा, रणधीर वत्स, कॉर्पोरेट लॉजिस्टिक्स हेड सुकांता दास, क्लस्टर लॉजिस्टिक्स हेड नितिन, लॉजिस्टिक्स हेड दिग्विजय सिंह, सी.टी.एस. से राकेश यादव, मानव संसाधन विभाग से संजय सिंह, प्रणव सोनी, जेनी, श्वेता, दीपक तिवारी, सुनील चौबे, सतेंद्र पाठक, महेंद्र पाण्डेय, रमेश मोबालिया एवं देवेंद्र सिंह सहित अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पौधरोपण कर इस अभियान को अपना सक्रिय समर्थन प्रदान किया। इस अवसर पर इकाई प्रमुख लिनु पंचमन ने कहा कि यह पहल केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हर नया सदस्य जब एक पौधा लगाता है, तो वह संगठन के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

वहीं मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि यह अभियान कर्मचारियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सहभागिता को बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस पहल से संगठन में सकारात्मक ऊर्जा के साथ-साथ प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित होगी।

हिंडालको महान का यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कर्मचारियों में जिम्मेदारी, सहभागिता और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रत्येक नए सदस्य के नाम से लगाया गया पौधा संगठन और कर्मचारी के बीच एक दीर्घकालिक संबंध तथा हरित एवं सतत भविष्य के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक बनेगा। आने वाले समय में यह पहल हिंडालको महान परिसर को और अधिक हरित बनाने के साथ-साथ समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश भी प्रसारित करेगी।

# हनुमना मे धूमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**मऊगंज**



जिले के हनुमना मे समूचे देश के साथ ही नगर में रथ यात्रा महोत्सव पर भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र रथ पर सवार होकर आचार्य जी के मंदिर से पूर्ण परंपरा अनुरूप चलकर नगर भ्रमण करते हुए लोगों के द्वार द्वार पहुंचे जगह-जगह लोगों ने आरती पूजा एवं विभिन्न पकवानों का भोग लगाकर अपने आप को जहां धन्य धन्य समझते रहे वही नगर के सीधी रोड में श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय स्थित दिव्या सिंह बैकुंठम में जहां भगवान का नित्य की तरह आज भी श्री लक्ष्मी नारायण अष्टोत्तरशत नामावली से भगवान जगन्नाथ का दिव्या कमल पुष्पों से नित्या की तरह आज भी अर्चना की गई एवं षोडशोपचार पूजन किया गया वहीं भगवान जगन्नाथ रथ पर सवार होकर जैसे ही औषधालय के सामने पहुंचे औषधालय परिवार द्वारा रथ पर भगवान का विधिवत श्री रामानुज संप्रदाय अनुसार पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर भगवान को सवा सौ कमल पुष्पों से विशेष अर्चना की गई विधिवत दिव्य पूजा अर्चना का प्रत्यक्ष दर्शन कर लोग अभिभूत दिखे। इस अवसर पर औषधालय परिवार द्वारा दिव्य प्रसाद का भी वितरण किया गया। उसके साथ ही स्टेट बैंक के पास सेठ रघुनाथ प्रसाद के परिजनों द्वारा, गांधी कमेटी के प्रयागराज गुप्ता की टीम द्वारा स्वामी माधवाचार्य जी की तपस्थली रामलीला मैदान के पास मदन चंद कचेर गांधी पार्क के पास वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद अखिलेश गुप्ता के द्वार पर एवं पुराने नगर परिषद के पास पवन गुप्ता फल वाले की टीम, तथा सीधी रोड पर ब्यंकटेश जायसवाल,संतोष मिष्ठान भंडार, महावीर गुप्त, श्री होंडा एजेंसी, आदि स्थानों पर भगवान का विशेष भोग लगाकर विशेष प्रसाद वितरित किया गया वही भगवान के तरीके आगे आगे चल रहेआटो में मंदिर समिति द्वारा भी पूरे यात्रा में प्रसाद का वितरण किया जाता रहा। रथ यात्रा महोत्सव को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी संकर्षण प्रपन्न रामानुज दास उपाख्य सुरेश महाराज के सम्पत दास केसरवानी , लक्ष्मी नारायण गुप्ता शिवम गुप्त की भगवान के भोग बनाने से लेकर भगवान के रथ पर सवार होने एवं रथ यात्रा की समाप्ति तक सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका रही वही यात्रा के दौरान हनुमना नगर परिषद के अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार जायसवाल, एवं श्रीमती शैलजा गुप्ता, पार्षद अखिलेश गुप्ता पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता पत्रकार संपति दास गुप्त, विट्ठलनाथ केसरी संतोष कुमार गुप्त अनूप कुमार गुप्त,संत मदन मुरारी उपाख्य राधे राधे राम प्रपन्न केसरवानी, केशव गुप्ता महावीर गुप्ता ओमप्रकाश मुनीम जी पार्षद प्रतिनिधितारकेश्वर गुप्त गुड्डा मुन्ना रजक रामकृष्ण केसरवानी जनार्दन दास गुप्त शौर्य तोमर ओमप्रकाश कपड़े वाले,सीताराम केसरी मुन्नीलाल कचेर महेश कुमार सिंधी भाई वासुदेव गुप्त नारायण दास गुप्त यतीराज केसरवानी आदि यात्रा में विशेष रूप से सम्मिलित रहे।

## नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत विद्यालय में जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम संपन्न



**मऊगंज।** जिले के नगर परिषद नईगढ़ी के वार्ड क्रमांक 8 स्थित लोकमान्य तिलक हायर सेकेंडरी स्कूल, महावीरपुर में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालितरनशे से दूरी है ज़रूरी 2,0 अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के निर्देशन में नशामुक्ति जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में उपनिरीक्षक पी.डी. सोनवंशी ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने, नशा करने वालों की संगति से बचने तथा अपने परिवार और समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने की अपील की।इस अवसर पर उपनिरीक्षक आर.पी. वर्मा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।कार्यक्रम में जिला पुलिस प्रशासन के साथ अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, मऊगंज एवं समग्र जन चेतना विकास परिषद, मऊगंज की सक्रिय सहभागिता रही। दोनों सामाजिक संस्थाएं विद्यालयों एवं समुदाय स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी बढ़ाने का कार्य कर रही हैं।इस अवसर पर एएसआई नारायण प्रसाद पांडेय, पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी, विद्यालय परिवार, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अवैध खनन और परिवहन गतिविधियों में एनसीएल और सीआईएसएफ को मिला जब्ती का वैधानिक अधिकार




**सिंगरौली।** कोयला क्षेत्र से जुड़े एक महत्वपूर्ण विधिक सुधार के तहत केंद्र सरकार ने हाल ही में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 (4) के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की है। अवैध खनन तथा खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कोयला मंत्रालय द्वारा जारी इस अधिसूचना के अनुसार, नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) तथा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के नामित अधिकारियों को धारा 21(4) के अंतर्गत अवैध रूप से उत्खनित खनिज और अवैध परिवहन में प्रयुक्त उपकरण, वाहन एवं अन्य सामग्री को जब्त करने का अधिकार प्रदान किया गया है।खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(4) में यह वर्णित है कि जब भी कोई व्यक्ति बिना किसी कानूनी अधिकार के किसी ज़मीन से कोई खनिज निकालता है, उसे कहीं ले जाता है या ऐसा करवाता है, और इसके लिए किसी औजार, उपकरण, गाड़ी या किसी अन्य चीज का इस्तेमाल करता है, तो ऐसे खनिज, औजार, उपकरण, गाड़ी या अन्य चीज को अधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त किया जा सकता है।इस संशोधन के तहत अब एनसीएल के सभी उत्पादन इकाइयों के क्षेत्रीय नोडल अधिकारी (सुरक्षा) तथा क्षेत्रीय प्रबंधक (मानव संसाधन) अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(4) के अंतर्गत अधिकृत अधिकारी के तौर पर कार्रवाई कर सकेंगे। इसी प्रकार, सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट, कमांडेंट, डिप्टी कमांडेंट तथा असिस्टेंट कमांडेंट को भी उक्त प्रावधानों के तहत अधिकृत अधिकारी के रूप में कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया है।उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा एमएमडीआर अधिनियम की धारा 22, 23 (ख) एवं 24 में किए गए संशोधनों के उपरांत एनसीएल के अधिकृत अधिकारियों तथा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारियों को अवैध खनन एवं उससे संबंधित मामलों में कार्यवाई हेतु व्यापक वैधानिक अधिकार पूर्व में ही प्रदान किए गए हैं। उक्त संशोधनों से कोयला क्षेत्रों में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी तथा एनसीएल के संदर्भ में यह विधिक सुधार कंपनी के खनन क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में और खनिज संपदा के संरक्षण, विधिसम्मत खनन व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा राजस्व हानि को रोकने की दिशा में भी यह कदम महत्वपूर्ण है।गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा उक्त संशोधनों के आलोक में विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन तथा व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जा रहा है.